विषय :– निजी खातेदारी की आवासीय योजना केसर नगर के भूखण्ड संख्या–139 क्षेत्रफल 250 व.ग. का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन बाबत्।

क्र.स.	विवरण	प्रकरण की स्थिति
1.	आवेदक का नाम	श्रीमती कृष्णा देवी जरिये मु. आम राजरानी पाण्डे
2.	आवेदित भूमि/ भूखण्ड का विवरण।	निजी खातेदारी की आवासीय योजना केसर नगर के भूखण्ड संख्या–139 क्षेत्रफल 250 व.ग.

3.	जारी पट्टा विलेख अनुसार भूखण्ड का भू-उपयोग।	आवासीय
4.	मास्टर विकास योजना 2011 अनुसार भू-उपयोग।	आवासीय
5.	मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग एवं सड़क की चौड़ाई	सैक्टर व्यावसायिक 12 मी गहराई तक, तत्पश्चात आवासीय भू-उपयोग दर्शित है। 24 मीटर
6.	आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग।	मिश्रित
7.	आवेदित भूमि/भूखण्ड के सामने स्थित सड़कें का मौका अनुसार चौड़ाई	24 मीटर
8.	भू-उपयोग परिवर्तन हेतु नियमानुसार राशि जमा है अथवा नही?	हाँ
9.	जोन द्वारा आपत्ति/ सुझाव हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति (1) विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक (2) दोनो समाचार पत्र राज्य स्तरीय है अथवा नही?	जोन रिपोर्ट अनुसार दिनांक 23.12.2021 को दैनिक नवज्योति व जागरूक टाईम्स समाचार पत्र में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे, प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।
10.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 में आवेदित भू-उपयोग परिवर्तन के प्रकरण के संबध में प्रावधान	राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्य-5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियाँ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या-2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है।
11.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के अनुसार प्रकरण के अनुमोदन का स्तर	स्थानीय स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति
12.	प्रश्नगत भूखण्ड/भूमि की मौका स्थिति व आस-पास स्थित गतिविधियों के संबंध में जोन की रिपोर्ट	जोन के कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड मौके पर रिक्त है एवं आस-पास व्यावसायिक गतिविधि संचालित है।
13.	जोन की अभिशंषा	आवेदित भूमि का भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025 व जोनल विकास योजना-04 के अनुसार 12 मी. गहराई तक सैक्टर व्यावसायिक, तत्पश्चात आवासीय भू-उपयोग दर्शित है तथा आवेदित भूमि जोनल विकास योजना-04 की 24.00 मीटर सड़क पर स्थित है। मास्टर विकास योजना-2011 के अनुसार आवेदित भूमि का भू-उपयोग आवासीय है। प्रार्थी द्वारा निजी खातेदारी की आवासीय योजना केसर नगर के भूखण्ड संख्या-139 क्षेत्रफल 250 व.ग. का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग चाहा गया है। अतः इस प्रकार के भू-उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों में नगरीय विकास विभाग, राज्य सरकार द्वारा राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम, 2021 की अधिसूचना क्रमांक 11(8)नविवि/2020 दिनांक 24.02.2021 जारी किये गये है, जिसके बिन्दु संख्या-5 में अंकित टिप्पणी-6 (समितियों की शक्तियाँ) (1) की तालिका के बिन्दु सं.-2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत

		उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है। अतः प्रश्नगत प्रकरण को जेडीए लेवल लैण्डयूज चेन्ज समिति के समक्ष रखे जाने की अभिशंषा की जाती है।
14.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित तथ्यात्मक बिन्दु	1. मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भूखण्ड का भू–उपयोग 12 मी. गहराई तक सैक्टर व्यावसायिक, तत्पश्चात आवासीय भू–उपयोग दर्शित है। 2. दिनांक 23.12.2021 को आमंत्रित आपत्ति/सुझाव में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है। 3. जोन के कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड मौके पर रिक्त है एवं आस–पास व्यावसायिक गतिविधि संचालित है। 4. जविप्रा (जयपुर रीजन भवन) विनियम, 2020 के बिन्दु संख्या–21 विशेष प्रावधान के उप बिन्दु 6 के बिन्दु संख्या–(ii) के अनुसार यदि आवेदित भूमि/भूखण्ड की गहराई 60 प्रतिशत से कम भाग व्यावसायिक/मिश्रित भू–उपयोग में तथा शेष भाग आवासीय उपयोग में आ रहा हो तो ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण भूखण्ड को मिश्रित उपयोग (व्यावसायिक/मिश्रित कम आवासीय/संस्थागत) का भूखण्ड माना जावेगा तदानुसार पट्टा/भवन निर्माण स्वीकृति दी जा सकेगी। तथापि भूखण्ड का जितना प्रतिशत भाग व्यावसायिक/मिश्रित उपयोग में है उस भाग पर आवासीय रूपान्तरण व अन्य शुल्क देय होंगे। 5. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड/योजना के अनुरूप होने पर 4000 वर्गमीटर तक के भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने का प्रावधान है।
15.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित विचारणीय बिन्दु एवं अभिशंषा	1. भूखण्ड की जोन द्वारा आवासीय लीजडीड जारी की गई है तथा मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार 12 मी. गहराई तक सैक्टर व्यावसायिक, तत्पश्चात आवासीय भू–उपयोग दर्शित है। अतः अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 की पालना में प्रकरण जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष विचारार्थ व निर्णयार्थ रखे जाने योग्य है। इसलिए प्रारूप एजेण्डा नोट अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

समिति का निर्णय :-

समिति द्वारा जोन प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रश्नगत भूखण्ड का भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025 एवं जोनल विकास योजना-04 के अनुसार सैक्टर व्यावसायिक 12 मी गहराई तक, तत्पश्चात आवासीय भू-उपयोग दर्शित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त निम्न शर्तो के साथ जोन के प्रस्तावानुसार जविप्रा द्वारा निजी खातेदारी की आवासीय योजना केसर नगर के भूखण्ड संख्या-139 क्षेत्रफल 250 व.ग. का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया:-

1. **आवेदक द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 से संबंधित अधिसूचना दिनांक 28.10.2010 व दिनांक 24.02.2021 एवं राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में समय-समय पर जारी आदेश अधिसूचना/परिपत्र में उल्लेखित समस्त संबंधित प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की जावेगी।**
2. **आवेदक द्वारा नियमानुसार जविप्रा से भवन मानचित्र अनुमोदित करवाकर निर्माण किया जायेगा।**
3. **आवेदक से प्रकरण से संबंधित समस्त लेय शुल्क यथा पुर्नग्रहण शुल्क, भू-उपयोग उपान्तरण संबंधित समस्त शुल्क आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।**

<u>एजेण्डा संख्या-9 (06/15.03.2022) जोन-7</u>

विषय :- तोपखाना देश गृ.नि.स.समिति की योजना नेमी सागर के भूखण्ड सं. 330 क्षेत्रफल 500 वर्गगज का आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन बाबत्।

क्र.स.	विवरण	प्रकरण की स्थिति
1.	आवेदक का नाम	श्री राजेन्द्र पी. सिंह उर्फ राजेन्द्र सिंह शेखावत एवं श्रीमती संतोष कुमार शेखावत
2.	आवेदित भूमि/ भूखण्ड का विवरण।	तोपखाना देश गृ.नि.स.समिति की योजना नेमी सागर के भूखण्ड सं. 330 क्षेत्रफल 500 वर्गगज है।
3.	जारी पट्टा विलेख अनुसार भूखण्ड का भू-उपयोग।	आवासीय
4.	मास्टर विकास योजना 2011 अनुसार भू-उपयोग।	आवासीय
5.	मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग एवं सड़क की चौड़ाई	व्यावसायिक 48 मीटर
6.	आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग।	व्यावसायिक
7.	आवेदित भूमि/भूखण्ड के सामने स्थित सडकों का मौका अनुसार चौड़ाई	30 मीटर
8.	भू-उपयोग परिवर्तन हेतु नियमानुसार राशि जमा है अथवा नही?	पैरा 100/एन अनुसार आवेदन राशि जमा है एवं प्रशासनिक शुल्क 5000/-रूपये जमा है।
9.	जोन द्वारा आपत्ति/ सुझाव हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति (1) विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक (2) दोनों समाचार पत्र राज्य स्तरीय है अथवा नही?	जोन रिपोर्ट अनुसार दिनांक 16.12.2021 को एक ही समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे, प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।
10.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 में आवेदित भू-उपयोग परिवर्तन के प्रकरण के संबध में प्रावधान	राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या-5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियाँ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या-2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना

		के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है।
11.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के अनुसार प्रकरण के अनुमोदन का स्तर	स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति
12.	प्रश्नगत भूखण्ड/भूमि की मौका स्थिति व आस–पास स्थित गतिविधियों के संबंध में जोन की रिपोर्ट	जोन रिपोर्ट अनुसार मौके पर भूखण्ड रिक्त है एवं पत्रावली में 162/सी पर संलग्न मानचित्रानुसार भूखण्ड के आस–पास व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही है।
13.	जोन की अभिशंषा	आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना–2025 व जोनल विकास योजना–04 के अनुसार भू–उपयोग व्यावसायिक दर्शित है तथा आवेदित भूमि जोनल विकास योजना–04 की 48.00 मीटर सड़क पर स्थित है। मास्टर विकास योजना–2011 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग आवासीय है। प्रार्थी तोपखाना देश गृ.नि.स.समिति की योजना नेमी सागर के भूखण्ड सं. 330 क्षेत्रफल 500 वर्गगज का आवासीय से व्यावसायिक भू–उपयोग चाहा गया है। अतः इस प्रकार के भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों में नगरीय विकास विभाग, राज्य सरकार द्वारा राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू–उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम, 2021 की अधिसूचना क्रमांक 11(8)नविवि/2020 दिनांक 24.02.2021 जारी किये गये है, जिसके बिन्दु संख्या–5 में अंकित टिप्पणी–6 (समितियों की शक्तियॉं) (1) की तालिका के बिन्दु सं.–2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है। अतः प्रश्नगत प्रकरण को जेडीए लेवल लैण्डयूज चेन्ज समिति के समक्ष रखे जाने की अभिशंषा की जाती है।
14.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित तथ्यात्मक बिन्दु	1. जोनल प्लान अनुसार आवेदित भूखण्ड के सामने स्थित सड़क का मार्गाधिकार 48 मीटर है। किन्तु, आवेदित भूखण्ड को पट्टा विलेख 30 मीटर (100 फीट) सड़क के अनुसार जारी किया गया है एवं योजना नेमी नगर व आस–पास स्थित योजनाओं के अनुमोदित योजना मानचित्रों में क्वीन्स रोड़ का मार्गाधिकार 100 फीट दर्शित हैं। 2. मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार सम्पूर्ण भूखण्ड का भू–उपयोग व्यावसायिक है। 3. दिनांक 16.12.2021 को आमंत्रित आपत्ति/सुझाव में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है। 4. जोन की रिपोर्ट अनुसार मौके पर भूखण्ड रिक्त है। 5. भूखण्ड आर्मी केन्टोन्मेंट क्षेत्र से 30 मीटर की दूरी पर स्थित है। नविवि के परिपत्र दिनांक 03.09.2021 के अनुसार रक्षा संस्थापन /स्थापना (Defence Establishment / Installations) की सीमा से 500 मीटर तक की परिधि क्षेत्र में निर्माणों की स्वीकृति बाबत रक्षा

		मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश दिनांक 18.05.2011 के अनुसार रक्षा संस्थापन/स्थापना की सीमा से 100 मीटर के अन्दर किसी प्रकार के निर्माण हेतु तथा 100 मीटर से अधिक किन्तु 500 मीटर तक की सीमा में 4 मंजिल से अधिक के निर्माण हेतु रक्षा विभाग के सक्षम अधिकारी से अनापत्ति लिये जाने का प्रावधान है। 6. जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति की प्रथम बैठक दिनांक 29.07.2021 में नीतिगत निर्णय लिया गया था कि भू–उपयोग परिवर्तन के समस्त प्रकरण जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत किये जावे। राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉं)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड/योजना के अनुरूप होने पर 4000 वर्गमीटर तक के भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने का प्रावधान है।
15.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित विचारणीय बिन्दु एवं अभिशंषा	1. भूखण्ड की जोन द्वारा आवासीय लीजडीड जारी की गई है तथा मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार सम्पूर्ण भूखण्ड का भू–उपयोग व्यावसायिक है। 2. जोनल प्लान अनुसार भूखण्ड के सामने सड़क का मार्गाधिकार 48 मीटर है एवं जारी लीजडीड अनुसार 30 मीटर है। अतः समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है। 3. भूखण्ड आर्मी केन्टोन्मेंट क्षेत्र से 30मीटर की दूरी पर स्थित है। अतः नविवि के परिपत्र दिनांक 03.09.2021 की पालना जोन स्तर पर सुनिश्चित किया जाना प्रस्तावित है। 4. जोन रिपोर्ट अनुसार दिनांक 16.12.2021 को एक ही समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये। अतः अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 की पालना में प्रकरण जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष विचारार्थ व निर्णयार्थ रखे जाने योग्य है। इसलिए प्रारूप एजेण्डा नोट अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

समिति का निर्णय :–

समिति द्वारा जोन प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रश्नगत भूखण्ड क्वीन्स रोड़ (गॉंधी पथ से सिरसी रोड़) पर स्थित है, जिसका मार्गाधिकार जोनल विकास योजना–04 अनुसार अजमेर रोड़ से गॉंधी पथ तक 100 फीट तथा गॉंधी पथ से सिरसी रोड़ तक 160 फीट दर्शित है। पूर्व में अनुमोदित योजना मानचित्र व जोनल विकास योजना में क्वीन्स रोड़ के मार्गाधिकार के विरोधाभास के क्रम में सड़क के मार्गाधिकार के निर्धारण हेतु पृथक से पत्रावली विचाराधीन है। अतः उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि क्वीन्स रोड़ के मार्गाधिकार के संबंध में अंतिम निर्णय पश्चात प्रकरण पुनः समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावें।

एजेण्डा संख्या–10 (06 / 15.03.2022) जोन–7

विषय :– जयपुर नगरीय क्षेत्र के जविप्रा द्वारा सृजित चित्रकुट योजना के भूखण्ड संख्या बी–1/9 क्षेत्रफल 270.00 वर्गगज का आवासीय से मिश्रित भू–उपयोग परिवर्तन बाबत्।

क्र.स.	विवरण	प्रकरण की स्थिति
1.	आवेदक का नाम	श्री गंगाराम चौधरी पुत्र जोधाराम चौधरी
2.	आवेदित भूमि / भूखण्ड का विवरण।	जयपुर नगरीय क्षेत्र के जविप्रा द्वारा सृजित चित्रकुट योजना के भूखण्ड संख्या बी–1/9 क्षेत्रफल 270.00 वर्गगज
3.	जारी पट्टा विलेख अनुसार भूखण्ड का भू–उपयोग।	आवासीय
4.	मास्टर विकास योजना 2011 अनुसार भू–उपयोग।	आवासीय
5.	मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भू–उपयोग एवं सड़क की चौड़ाई	मिश्रित (30 मी. गहराई तक) 24 मीटर
6.	आवेदक द्वारा चाहा गया भू–उपयोग।	मिश्रित
7.	आवेदित भूमि/भूखण्ड के सामने स्थित सडकों का मौका अनुसार चौड़ाई	24 मीटर
8.	जोन द्वारा आपत्ति/ सुझाव हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति तथा विज्ञप्ति पर प्राप्त आपत्ति/ सुझाव।	जोन रिपोर्ट अनुसार दिनांक 29.01.2022 को आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे, प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।
9.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 में आवेदित भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरण के संबध में प्रावधान	राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्य–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉं)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है।
10.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के अनुसार प्रकरण के अनुमोदन का स्तर	स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति
11.	प्रश्नगत भूखण्ड/भूमि के आस–पास स्थित व्यावसायिक गतिविधियों के संबंध में जोन की रिपोर्ट	जोन के कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार अनुमोदित मानचित्र के अनुसार निर्माण कार्य प्रगति पर है। आवेदित भूखण्ड के आस–पास अधिकांश व्यावसायिक गतिविधियां संचालित है।
12.	जोन की अभिशंषा	आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना–2025 व जोनल विकास योजना–04 के अनुसार भू–उपयोग मिश्रित दर्शित है तथा आवेदित भूमि जोनल विकास योजना–04 की 24.00 मीटर सड़क पर स्थित है। मास्टर विकास योजना–2011 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग आवासीय है। प्रार्थी द्वारा जविप्रा द्वारा जयपुर नगरीय क्षेत्र के जविप्रा द्वारा सृजित चित्रकुट योजना के भूखण्ड संख्या बी–1/9 क्षेत्रफल 270.00 वर्गगज का आवासीय से मिश्रित भू–उपयोग चाहा गया है। अतः इस प्रकार के भू–उपगोग परिवर्तन के प्रकरणों मे नगरीय विकास विभाग, राज्य सरकार द्वारा राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू–उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम, 2021 की अधिसूचना

		क्रमांक 11(8)नविवि / 2020 दिनांक 24.02.2021 जारी किये गये है, जिसके बिन्दु संख्या-5 मे अंकित टिप्पणी 6 (समितियों की शक्तियॉ) (1) की तालिका के बिन्दु सं-2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान / योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है। अतः प्रस्नगत प्रकरण को जेडीए लेवल लैण्डयूज चेन्ज समिति के समक्ष रखे जाने की अभिशषा की जाती है।
13.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित तथ्यात्मक बिन्दु	1. मास्टर / जोनल विकास योजना अनुसार भूखण्ड का भू-उपयोग मिश्रित दर्शित है। 2. दिनांक 29.01.2022 को आमंत्रित आपत्ति / सुझाव में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है। 3. जोन के कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार अनुमोदित मानचित्र के अनुसार निर्माण कार्य प्रगति पर है। आवेदित भूखण्ड के आस-पास अधिकांश व्यावसायिक गतिविधियां संचालित है। 4. आवेदक द्वारा आवेदित भूखण्डों पर पूर्व में किये गये अनाधिकृत / भवन विनियमों के विपरित निर्माण को हटाये जाने बाबत शपथ-पत्र व सहमति प्रदान की जाती है, तो उक्त शपथ-पत्र के आधार पर भू-उपयोग परिवर्तन किया जावे अथवा नही, के संबंध में नीतिगत मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार को पत्र दिनांक 12.11.2021 प्रेषित किया हुआ है, जिस पर राज्य सरकार द्वारा पत्र क्रमांक प.1(182)नविवि / जयपुर / 2021 दिनांक 03.02.2021 को निर्मित भूखण्डों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया है कि "माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 12.01.2017 में दिये गये निर्देशों के विपरीत जाकर किसी भी प्रकार की कार्यवाही अवमानना की श्रेणी में आयेगी। अतः प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र के आधार पर भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के आलोक में, निर्णय में उल्लेखित निर्देशों के परिपेक्ष्य में स्वयं के स्तर से लेवे। 5. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या-5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या-2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान / तकनीकी मापदण्ड / योजना के अनुरूप होने पर 4000 वर्गमीटर तक के भू-उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने का प्रावधान है।

14.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित विचारणीय बिन्दु एवं अभिशंषा	1. भूखण्ड की जोन द्वारा आवासीय लीजडीड जारी की गई है तथा मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भूखण्ड का भू-उपयोग मिश्रित दर्शित है। 2. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या-5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या-2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड/योजना के अनुरूप होने पर 4000 वर्गमीटर तक के भू-उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने का प्रावधान है। अतः अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 की पालना में प्रकरण जविप्रा स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष विचारार्थ व निर्णयार्थ रखे जाने योग्य है। इसलिए प्रारूप एजेण्डा नोट अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

समिति का निर्णय :-

समिति द्वारा जोन प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। मास्टर विकास योजना-2025 एवं जोनल विकास योजना-04 अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का भू-उपयोग मिश्रित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त निम्न शर्तो के साथ जोन के प्रस्तावानुसार जविप्रा द्वारा सृजित चित्रकुट योजना के भूखण्ड संख्या बी-1/9 क्षेत्रफल 270.00 वर्गगज का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गयाः-

1. **आवेदक द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 से संबंधित अधिसूचना दिनांक 28.10.2010 व दिनांक 24.02.2021 एवं राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में समय-समय पर जारी आदेश अधिसूचना/परिपत्र में उल्लेखित समस्त संबंधित प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की जावेगी।**
2. **मौके पर भवन निर्मित है। भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 के बिन्दु संख्या-13(2) के अनुसार "यदि आवेदक द्वारा भवन विनियम/उपनियमों के मानदण्डों के विपरित किया गया निर्माण हटाया जाना या परिवर्तित किया जाना हो और आवेदक उसे हटाना या परिवर्तन करना स्वीकार करें तो उस पर विचार किया जा सकता है।" अतः इस बाबत आवेदक से शपथ पत्र प्राप्त किया जावे कि वह 60 दिवस के भीतर मानदण्डों के विपरित किया गया निर्माण स्वयं स्तर से हटायेगा। जोन द्वारा अवैध निर्माण हटाया गया है या नही यह सुनिश्चित करने के उपरान्त ही मांग पत्र जारी किया जावे। 60 दिवस के भीतर अवैध निर्माण नही हटाने की स्थिति में भू-उपयोग परिवर्तन का निर्णय स्वतः ही निरस्त माना जावे।**
3. **आवेदक द्वारा नियमानुसार जविप्रा से भवन मानचित्र अनुमोदित करवाकर निर्माण किया जायेगा।**
4. **आवेदक से प्रकरण से संबंधित समस्त लेय शुल्क यथा पुर्नग्रहण शुल्क, भू-उपयोग उपान्तरण संबंधित समस्त शुल्क आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।**

एजेण्डा संख्या-11 (06/15.03.2022) जोन-7

विषय :- संयुक्त गृ.नि.स. समिति की योजना मां हिंग्लाज नगर-बी के भूखण्ड सं. 127 क्षेत्रफल 394.62 वर्गगज का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग परिवर्तन बाबत्।

क्र.स.	विवरण	प्रकरण की स्थिति
1.	आवेदक का नाम	श्री बाबू राम पुत्र श्री हरदीन राम
2.	आवेदित भूमि/ भूखण्ड का विवरण।	संयुक्त गृ.नि.स. समिति की योजना मां हिंग्लाज नगर-बी के भूखण्ड सं. 127 क्षेत्रफल 394.62 वर्गगज

3.	जारी पट्टा विलेख अनुसार भूखण्ड का भू–उपयोग।	आवासीय
4.	मास्टर विकास योजना 2011 अनुसार भू–उपयोग।	व्यावसायिक
5.	मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भू–उपयोग एवं सड़क की चौड़ाई	व्यावसायिक (12 मीटर गहराई तक) व शेष आवासीय भू–उपयोग दर्शित है। 24 मीटर
6.	आवेदक द्वारा चाहा गया भू–उपयोग।	मिश्रित
7.	आवेदित भूमि/भूखण्ड के सामने स्थित सडकों का मौका अनुसार चौड़ाई	24 मीटर
8.	भू–उपयोग परिवर्तन हेतु नियमानुसार राशि जमा है अथवा नही?	पैरा 4/एन अनुसार चालान सं. 745516/02.12.2021 द्वारा भू–उपयोग रूपान्तरण आवेदन राशि 500/–रूपये एवं प्रशासनिक शुल्क 5000/–रूपये जमा है।
9.	जोन द्वारा आपत्ति/ सुझाव हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति (1) विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक (2) दोनों समाचार पत्र राज्य स्तरीय है अथवा नही?	जोन रिपोर्ट अनुसार दिनांक 10.12.2021 को दैनिक भास्कर व राष्ट्रदूत समाचार पत्र आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे, प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।
10.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 में आवेदित भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरण के संबध में प्रावधान	राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड़ का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परितर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है।
11.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के अनुसार प्रकरण के अनुमोदन का स्तर	स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति
12.	प्रश्नगत भूखण्ड़/भूमि की मौका स्थिति व आस–पास स्थित गतिविधियों के संबंध में जोन की रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट अनुसार मौके पर भूखण्ड़ बी+जी+2 निर्मित है तथा सैटबेक वायलेशन है। इस हेतु प्रार्थी द्वारा अवेध निर्माण को हटाने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।
13.	जोन की अभिशंषा	1. मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड़ का सम्पूर्ण भाग का भू–उपयोग मिश्रित है। 2. जोन रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड़ बी+जी+2 निर्मित है। 3. दिनांक 10.12.2021 को आमंत्रित आपत्ति/सुझाव में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है। 4. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड़ का अनुगत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड़/योजना के अनुरूप है। इसलिए प्रकरण का निस्तारण स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने हेतु प्रस्तुत है।
14.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित तथ्यात्मक बिन्दु	1. मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भूखण्ड़ का भू–उपयोग व्यावसायिक (12 मीटर गहराई तक) व शेष भूमि का आवासीय भू–उपयोग दर्शित है।

		2. दिनांक 10.12.2021 को आमंत्रित आपत्ति/सुझाव में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। 3. जोन के कनिष्ठ अभियंता की रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड निर्मित है तथा आस–पास में मैन रोड़ पर लगभग सभी व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। निर्मित भूखण्डों के संबंध में राज्य सरकार से निम्नलिखित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है (प्रति संलग्न)। 4. वर्तमान में प्रचलित जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर (जयपुर रीजन भवन) भवन विनियम 2020 के बिन्दु संख्या 21 का उप बिन्दु 6 में निम्न टिप्पणी अंकित है:– (ii) यदि आवेदित भूखण्ड के कुल क्षेत्रफल का 60 प्रतिशत से कम भाग व्यावसायिक/मिश्रित उपयोग में तथा शेष भाग आवासीय भू–उपयोग में आ रहा हो तो ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण आवेदित भूखण्ड को मिश्रित उपयोग (व्यावसायिक/मिश्रित कम आवासीय/संस्थानिक) का भूखण्ड माना जावेगा तथा तदानुसार पट्टा/निर्माण स्वीकृति दी जा सकेगी। सम्पूर्ण भूखण्ड का पट्टा व्यावसायिक/अनुज्ञेय मिश्रित उपयोग हेतु नियमानुसार सम्पूर्ण भूखण्ड हेतु व्यावसायिक रूपान्तरण व अन्य शुल्क लेते हुये पट्टा जारी करने एवं भवन निर्माण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जा सकेगी। 5. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉं)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड/योजना के अनुरूप होने पर 4000 वर्गमीटर तक के भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने का प्रावधान है।
15.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित विचारणीय बिन्दु एवं अभिशंषा	भूखण्ड की जोन द्वारा आवासीय लीजडीड जारी की गई है तथा मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भूखण्ड का भू–उपयोग व्यावसायिक (12 मीटर गहराई तक) व शेष भूमि का आवासीय भू–उपयोग दर्शित है। अतः अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5–2 (ii) के क्रम में प्रकरण भू–उपयोग परिवर्तन की पालना में प्रकरण भू–उपयोग परिवर्तन योग्य है। जविप्रा स्तरीय समिति के समक्ष विचारार्थ व निर्णयार्थ रखे जाने हेतु प्रारूप एजेण्डा नोट अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

समिति का निर्णय :–

समिति द्वारा जोन प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। मास्टर विकास योजना–2025 एवं जोनल विकास योजना–11बी अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का भू–उपयोग व्यावसायिक (12 मीटर गहराई तक) व शेष आवासीय दर्शित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त निम्न शर्तो के साथ जोन के प्रस्तावानुसार जविप्रा द्वारा संयुक्त गृ.नि.स. समिति की योजना मां हिंग्लाज नगर–बी के भूखण्ड सं. 127 क्षेत्रफल 394.62 वर्गगज का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया।

1. आवेदक द्वारा भू–उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 से संबंधित अधिसूचना दिनांक 28.10.2010 व दिनांक 24.02.2021 एवं राज्य सरकार द्वारा भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में समय–समय पर जारी आदेश अधिसूचना/परिपत्र में उल्लेखित समस्त संबंधित प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की जावेगी।
2. मौके पर भवन निर्मित है। भू–उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 के बिन्दु संख्या–13(2) के अनुसार "यदि आवेदक द्वारा भवन विनियम/उपनियमों के मानदण्डों के विपरित किया गया निर्माण हटाया जाना या परिवर्तित किया जाना हो और आवेदक उसे हटाना या परिवर्तन करना स्वीकार करें तो उस पर विचार किया जा सकता है।" अतः इस बाबत आवेदक से शपथ पत्र प्राप्त किया जावे कि वह 60 दिवस के भीतर मानदण्डों के विपरित किया गया निर्माण स्वयं स्तर से हटायेगा। जोन द्वारा अवैध निर्माण हटाया गया है या नही यह सुनिश्चित करने के उपरान्त ही मांग पत्र जारी किया जावे। 60 दिवस के भीतर अवैध निर्माण नही हटाने की स्थिति में भू–उपयोग परिवर्तन का निर्णय स्वतः ही निरस्त माना जावे।
3. आवेदक द्वारा नियमानुसार जविप्रा से भवन मानचित्र अनुमोदित करवाकर निर्माण किया जायेगा।
4. आवेदक से प्रकरण से संबंधित समस्त लेय शुल्क यथा पुर्नग्रहण शुल्क, भू–उपयोग उपान्तरण संबंधित समस्त शुल्क आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।

<u>एजेण्डा संख्या–12 (06/15.03.2022) जोन–5</u>
विषय :– मित्र गृ.नि.स.स. लि. की योजना न्यू सांगानेर बाईपास के पुर्नगठित भूखण्ड संख्या एसएम 31, 32, 33, 39, 40 व 41 कुल क्षेत्रफल 1467.02 वर्गगज (1226.61 वर्गमीटर) के भू–उपयोग आवासीय से व्यावसायिक करने बाबत्।

क्र.स.	विवरण	प्रकरण की स्थिति
1.	आवेदक का नाम	मैसर्स शकुन एडवरटाईजिंग प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री बल्लभ दास माहेश्वरी।
2.	आवेदित भूमि/ भूखण्ड का विवरण।	मित्र गृ.नि.स.स. लि. की योजना न्यू सांगानेर बाईपास के पुर्नगठित भूखण्ड संख्या एसएम 31, 32, 33, 39, 40 व 41 कुल क्षेत्रफल 1467.02 वर्गगज (1226.61 वर्गमीटर)
3.	जारी पट्टा विलेख अनुसार भूखण्ड का भू–उपयोग।	आवासीय
4.	मास्टर विकास योजना 2011 अनुसार भू–उपयोग।	रिक्रियेशनल/वॉटर बॉडी तथा राज्य स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति की बैठक संख्या 8/2002 दिनांक 16.11.2002 में भू–उपयोग वाटर बॉडी से आवासीय किया गया।
5.	मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार भू–उपयोग एवं सड़क की चौड़ाई	व्यावसायिक (सडक मार्गाधिकार का 1.5 गुणा गहराई अथवा एकल गहराई तक, जो भी कम हो) 48.00 मीटर (160 फीट)
6.	आवेदक द्वारा चाहा गया भू–उपयोग।	व्यावसायिक
7.	आवेदित भूमि/भूखण्ड के सामने स्थित सडकों का मौका अनुसार चौड़ाई	48.00 मीटर (160 फीट)
8.	भू–उपयोग परिवर्तन हेतु नियमानुसार राशि जमा है अथवा नही?	नियमानुसार आवेदन एवं प्रशासनिक राशि जमा करवाया जाना प्रस्तावित है।
9.	जोन द्वारा आपत्ति/ सुझाव हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति (1) विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक (2) दोनों समाचार पत्र राज्य स्तरीय है अथवा नही?	जोन रिपोर्ट अनुसार दिनांक 03.02.2022 को दो राज्य स्तरीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर व समाचार जगत में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे, प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।
10.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 में आवेदित भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरण के संबध में प्रावधान	राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित

		भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/योजना के अनुरूप होने पर प्रकरण स्थानीय स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान है।
11.	अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के अनुसार प्रकरण के अनुमोदन का स्तर	जविप्रा स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति
12.	प्रश्नगत भूखण्ड/भूमि की मौका स्थिति व आस-पास स्थित गतिविधियों के संबंध में जोन की रिपोर्ट	जोन रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड रिक्त है एवं चारदिवारी निर्मित है। प्रश्नगत भूखण्ड गोपालपुरा बाईपास रोड पर स्थित है।
13.	जोन की अभिशंषा	1. प्रश्नगत भूमि 48.00 मीटर (160 फीट) सडक पर गोपालपुरा बाईपास पर स्थित है। 2. आवेदित भूखण्ड 160 फीट चौडी गोपालपुरा बाईपास रोड पर स्थित है। मास्टर प्लान-2025 में उक्त रोड के साथ व्यावसायिक भू-उपयोग अनुज्ञेय किया गया है। प्रस्तावित पुर्नगठित भूखण्ड की कुल गहराई 140 फीट है। 3. मास्टर प्लान प्रकोष्ठ से सडक की चौडाई एवं भू-उपयोग के संबंध में जांच अनुसार प्रस्तावित भूमि का भू-उपयोग व्यावसायिक है व 30 मीटर गहराई पश्चात आवासीय है। जोनल विकास योजना-03 अनुसार प्रस्तावित भूखण्ड 48.00 मीटर सडक पर स्थित है एवं मास्टर प्लान-2011 के अनुसार प्रस्तावित भूमि का भू-उपयोग रिक्रियेशनल दर्शित हैं। जिसका पूर्व में आवासीय उपयोग हेतु परिवर्तन किया जा चुका है। 4. प्रस्तुत पी.टी. सर्वे एवं गूगल मानचित्र अनुसार उक्त भूखण्ड संख्या एसएम 31, 32, 33, 39, 40 व 41 पर चारदीवारी निर्मित है एवं रिक्त है। 5. मास्टर प्लान-2025 के अनुसार व्यावसायिक भू-उपयोग दर्शाया हुआ है, नविवि के आदेश दिनांक 24.02.2021 के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन औचित्यपूर्ण है। 6. प्रकरण में समस्त तथ्यों सहित मित्र गृ.नि.स.स. लि. की योजना न्यू सांगानेर बाईपास के पुर्नगठित भूखण्ड संख्या एसएम 31, 32, 33, 39, 40 व 41 कुल क्षेत्रफल 1467.02 वर्गगज (1226.61 वर्गमीटर) का आवासीय से व्यावसायिक परिवर्तन करने की अभिशंषा की जाती है।
14.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित तथ्यात्मक बिन्दु	1. प्रश्नगत भूमि 48.00 मीटर (160 फीट) सडक पर गोपालपुरा बाईपास पर स्थित है, जो कि मास्टर विकास योजना-2025 की 21 प्रमुख व्यावसायिक सडकों में शामिल है तथा जिस पर सडक मार्गाधिकार का 1.5 गुणा गहराई तक अथवा एकल भूखण्ड गहराई तक जो भी कम हो, व्यावसायिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है। प्रस्तावित पुर्नगठित भूखण्ड की कुल गहराई 140 फीट है। 2. दिनांक 27.01.2022 को राज्य सरकार से पुर्नगठित भूखण्डों के भू-उपयोग प्रकरणों के संबंध में प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार यदि मूल भूखण्डों के पट्टे समर्पित कर पुर्नगठित भूखण्डों का एकल फी होल्ड पट्टा जारी किया जाता है तो ऐसी स्थिति में पुर्नगठित भूखण्ड की गहराई को एकल सम्पति की गहराई माना जा सकता है। पुर्नगठित भूखण्डों में पृथक-पृथक पट्टे होने की स्थिति में प्रमुख सड़क पर स्थित भूखण्ड की गहराई को ही एकल सम्पति की गहराई माना जावें। तदानुसार मॉडल राजस्थान

		भवन विनियम–2020 के विनियम 21.6 के अनुसार प्रकरण में कार्यवाही की जावें। प्रश्नगत प्रकरण में वर्तमान में फ्री होल्ड पट्टा जारी नहीं किया गया है। 3. प्रस्तुत पी.टी. सर्वे एवं गूगल मानचित्र अनुसार उक्त भूखण्ड संख्या एसएम 31, 32, 33, 39, 40 व 41 पर चारदीवारी निर्मित है एवं रिक्त है। 4. दिनांक 26.02.2021 को आमंत्रित आपत्ति/सुझाव में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है। 5. प्रस्तावित भूमि द्रव्यवती नदी की सीमा से न्यूनतम 102 फीट दूर है। द्रव्यवती नदी के संबंध में चौडाई आदि बावत दायर डी.बी. सिविल रिट पीटिशन नं. 9497/2007 उनवान श्री पी.एन. मैन्दोला बनाम सरकार विचाराधीन है। 6. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियाँ)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड/योजना के अनुरूप होने पर 4000 वर्गमीटर तक के भू–उपयोग परिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति स्तर पर किये जाने का प्रावधान है।
15.	मास्टर प्लान शाखा से संबंधित विचारणीय बिन्दु एवं अभिशंषा	भूखण्ड़ की जोन द्वारा आवासीय लीजडीड जारी की गई है तथा मास्टर/जोनल विकास योजना अनुसार व्यावसायिक (सडक मार्गाधिकार का 1.5 गुणा गहराई अथवा एकल गहराई तक, जो भी कम हो) भू–उपयोग दर्शित है। अतः अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5–2 (ii) के क्रम में प्रकरण जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष विचारार्थ व निर्णयार्थ रखे जाने हेतु प्रारूप एजेण्डा नोट अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

समिति का निर्णय :–

समिति द्वारा जोन प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रश्नगत भूखण्ड़ का मास्टर विकास योजना–2011 अनुसार भू–उपयोग रिक्रियेशनल/वॉटर बॉडी दर्शित है तथा राज्य स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति की बैठक संख्या 8/2002 दिनांक 16.11.2002 में भू–उपयोग वाटर बॉडी से आवासीय किया गया। साथ ही, उक्त के संबंध में स्पष्ट टिप्पणी प्रस्तुत करने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया। गुलाब कोठारी केस में लिये गये निर्णय अनुसार रिक्रियशनल से अन्य में भू–उपयोग परिवर्तन किए जाने पर निषेध है व माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एस.एल.पी. विचाराधीन है। अतः ऐसी स्थिति में मास्टर विकास योजना–2011 के रिक्रियशनल से पूर्व किए गए आवासीय भू–उपयोग परिवर्तन के क्रम में वर्तमान में मास्टर विकास योजना–2025 में निर्धारित उपयोग अनुसार व्यावसायिक किये जाने बाबत प्रकरण को मार्गदर्शन हेतु राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

नीतिगत निर्णय संख्या–1

विषय :– भू–उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तुत प्रकरणों में मौके पर भवन विनियम के विपरित निर्माण होने वाले प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में।

समिति द्वारा नोट किया गया कि भू–उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 के बिन्दु संख्या–13(2) के अनुसार "यदि आवेदक द्वारा भवन विनियम/उपनियमों के मानदण्ड़ों के विपरित किया गया निर्माण हटाया जाना या परिवर्तित किया जाना हो और आवेदक उसे हटाना या परिवर्तन करना स्वीकार करें तो उस पर विचार किया जा सकता है।"

साथ ही, इस संबंध में राज्य सरकार से नीतिगत मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार को पत्र दिनांक 12.11.2021 प्रेषित किया हुआ है, जिस पर राज्य सरकार द्वारा पत्र क्रमांक प. 1(182)नविवि/जयपुर/2021 दिनांक 03.02.2021 को निर्मित भूखण्ड़ों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया है कि "माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 12.01.2017 में दिये गये निर्देशों के विपरीत जाकर किसी भी प्रकार की कार्यवाही अवमानना की श्रेणी में आयेगी।" अतः समिति द्वारा विचारा विमर्श कर उक्त प्रकार के प्रकरणों में निम्न प्रक्रिया निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

आवेदक द्वारा आवेदित भूखण्ड पर पूर्व में किये गये भवन विनियमों के विपरित निर्माण को हटाये जाने बाबत यदि शपथ–पत्र व सहमति प्रदान की जाती है तो, उक्त शपथ–पत्र के आधार पर प्रकरण जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावें। समिति द्वारा भू–उपयोग परिवर्तन किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने पर जोन द्वारा आवेदक से 60 दिवस के भीतर मानदण्ड़ों के विपरित किये गये निर्माण को स्वयं स्तर पर हटाये जाने बाबत शपथ पत्र प्राप्त किया जावे। आवेदक द्वारा मापदण्ड़ों के विपरित किये गये निर्माण को हटाने के उपरान्त जोन को सूचित किया जावे। जोन द्वारा अवैध निर्माण हटाया गया है या नही यह सुनिश्चित करने के उपरान्त मांग पत्र जारी किया जावे। यदि 60 दिवस के भीतर अवैध निर्माण हटाया जाकर जोन को सूचित नही करने की स्थिति में भू–उपयोग परिवर्तन का निर्णय स्वतः ही निरस्त माना जावे।

नीतिगत निर्णय संख्या–2

विषय :– राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में वेयर हाउस प्रयोजनार्थ प्रकरणों में भू–उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नही होने बाबत्।

समिति द्वारा नोट किया गया कि राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के बिन्दु संख्या–5 (नियम 6 का प्रतिस्थापन) "6 (समितियों की शक्तियॉं)" (1) की तालिका के बिन्दु संख्या–2(ii) अनुसार "पट्टाशुदा भूखण्ड़ का अनुभत उपयोग से प्रस्तावित भू–उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान/तकनीकी मापदण्ड़/ योजना के अनुरूप होने पर 4000 व.मी. तक के प्रकरणों में स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति एवं उससे अधिक के प्रकरणों मे राज्य स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति अधिकृत है। इसी प्रकार तालिका के बिन्दु संख्या–2(iii) अनुसार पट्टाशुदा भूखण्ड़ का अनुमत उपयोग से उसी श्रेणी में अन्य भू–उपयोग प्रस्तावित होने पर 4000 व.मी. तक के प्रकरणों में स्थानीय स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति एवं उससे अधिक के प्रकरणों मे राज्य स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति अधिकृत है।

साथ ही, अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार सामान्य वेयर हाउस, मास्टर प्लान के प्रतिबधित भू–उपयोगों ईको सेन्सिटिव जोन, प्लान्टेशन जोन, ईकोलोजिकल जोन तथा जयपुर, उदयपुर के मास्टर एवं अन्य शहरो के मास्टर प्लान के अन्तर्गत जी–1 व जी–2 को छोड़कर अन्य सभी उपयोगों मे अनुज्ञेय है तथा कृषि आधारित वेयर हाउस, मास्टर प्लान के प्रतिबधित भू–उपयोगों ईको सेन्सिटिव जोन, प्लान्टेशन जोन, तथा जयपुर, उदयपुर के मास्टर एवं अन्य शहरो के मास्टर प्लान के अन्तर्गत जी–1 को छोड़कर अन्य सभी उपयोगों मे अनुज्ञेय है। राज्य सरकार की मन्शा वेयर हाउस प्रयोजन को प्रोत्साहन देना

राम किशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग,जयपुर-302004
दूरभाष- : ईपीबीएक्स - +91-141-2569696 एक्सटेंशन: (1140): ई-मेल: aclpmp2025@gmail.com

है इस हेतु राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विभिन्न छूट प्रदान किये जाने के आदेश भी जारी किये गये है।

अतः समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार को पत्र प्रेषित कर यह स्पष्टीकरण जारी करने का निवेदन किया जावें कि किसी पट्टाशुदा भूखण्ड का भू–उपयोग सामान्य वेयर हाउस/कृषि आधारित वेयर हाउस प्रस्तावित होने पर भू–उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नही रखी जावे एवं सीधे ही भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क लिया जाकर भू–उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जावे।

नीतिगत निर्णय संख्या–3

विषय :– राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.17(16)नविवि/नियम/2021 दिनांक 02.06.2021 के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित "मास्टर प्लान में भू–उपयोग वाणिज्यिक/मिश्रित/संस्थानिक" के स्थान पर "मास्टर प्लान में भू–उपयोग वाणिज्यिक/मिश्रित/संस्थानिक/औद्योगिक" किये जाने बाबत्।

राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.17(16)नविवि/नियम/2021 दिनांक 02.06.2021 के बिन्दु संख्या–2 के अनुसार "विद्यमान आवासीय योजनाओं में चिकित्सा सुविधाऐं पूर्व में अकृषि प्रयोजनार्थ स्वीकृत एकल पट्टा प्रकरणों, गैर आवासीय भूखण्डों/भवनों एवं विद्यमान आवासीय योजना के ऐसे क्षेत्र जिनका मास्टर प्लान में भू–उपयोग वाणिज्यिक/मिश्रित/संस्थानिक दर्शाया गया है पर ही देय होंगी। उक्त प्रावधान में विद्यमान आवासीय योजना के ऐसे क्षेत्र जिनका मास्टर प्लान में भू–उपयोग औद्योगिक दर्शित है, में भी चिकित्सा सुविधाऐं अनुज्ञेय किये जाने हेतु राज्य सरकार को पत्र प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

28/03/2022

अति. मुख्य नगर नियोजक, (मा.प्लान)
एवं सदस्य सचिव,
जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

क्रमांकः जविप्रा/अति.मु.न.नि./मा.प्लान./2022/डी–/ 133 **दिनांक** 28/3/22

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित है।
2. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
3. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक (नगर आयोजना),जविप्रा, जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक (विधि),जविप्रा, जयपुर।
6. अति. आयुक्त (प्रशासन/पी.आर.एन/भूमि/एलपीसी),जविप्रा, जयपुर।
7. अति. मुख्य/वरिष्ठ नगर नियोजक (बीपीसी (एल.पी)/(बीपी)),जविप्रा, जयपुर।
8. उपायुक्त जोन–1 से 14, पी.आर.एन (उत्तर–I,II/दक्षिण–I,II), जविप्रा, जयपुर।
9. उप निदेशक जनसम्पर्क, जविप्रा, जयपुर।

अति. मुख्य नगर नियोजक, (मा.प्लान)
एवं सदस्य सचिव,
जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

राम किशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग,जयपुर-302004
दूरभाष : ईपीबीएक्स - +91-141-2569696 एक्सटेंशन: (1140); ई-मेल: actpmp2025@gmail.com